OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404

Report Sadbhavna Rally

Registered Under Section 2(F) & 12(B) of UGC Act

GOVT. TULSI COLLEGE ANUPPUR,(M.P.)

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर, (म.प्र.)

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University, Rewa(M.P.)

प्रतिवेदन **दिनांक 29.08.2019**

सद्भावना रैली

स्वस्थ्य युवा, स्वस्थ्य भारत अथवा स्वस्थ्य नागरिक, समृद्ध राष्ट्र हमारी संकल्पना का आधार है। उक्त आशय के विचार शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर मे सद्भावना रैली के शुभारंभ में श्रीमती किरण लता (पुलिस अधीक्षक) जिला अनूपपुर में व्यक्त किये। उन्होनें आगे कहा कि खेल दिवस के दिन सरकार द्वारा पूरे देश में फिट इंडिया अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें देश की समूची भागीदारी है। श्रीमती किरण लता (पुलिस अधीक्षक) के नेतृत्व में रैली महाविद्यालय परिसर से तहसील तक निकाली गयी। जिसमें एन.एस.एस. एन.सी.सी. कैडेट्स एवं सैकड़ों छात्र छात्राओं. अधिकारियों, कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली एवं अयोजन के उद्देश्य पर प्रो. परमानंद तिवारी (प्राचार्य) ने प्रकाश डाला तथा बताया यह राष्ट्रीयता भाईचारा सद्भाव, पर्यावरण स्वस्थ्य भारत तथा फिट इंडिया फिट सिटिजन जो प्रधानमंत्री की संकल्पना का हिस्सा है। रैली मे महात्मा गांधी के 150 वें वर्ष के आयोजन तथा भारतरत्न स्व. राजीव गांधी के 75 वें वर्ष सद्भावना वर्ष के बैनर तथा प्रधानमंत्री जी के बैनर शामिल किये गये। रैली पूरे उत्साह के साथ जयघोष के नारे लगाते हुये शहर की सड़कों को गुंजित कर उत्साह उमंग भर रहे थे। रैली के पश्चात् सभी छात्र पुनः एकत्रित होकर माननीय प्रधानमंत्री जी के भाषण का अनुश्रवण किया तथा लाभान्वित हुये। आयोजन पश्चात् पूरे दिन खेलों के आयोजन कबड्डी, शतरंज, हॉकी, बैडमिंटन एवं खो-खो संपन्न हुये। खेल दिवस सद्भावना रैली से प्रारंभ होकर पूरे दिन खेलों को समर्पित रहा। इस आयोजन में एन. एस. एस. जिला संगठक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जे.के.सत, एन.सी.सी. प्रभारी श्री राजेश विश्वकर्मा, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. पुष्पराज सिंह, डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. जुगुल किशोर सिंह, श्री रामाश्रय प्रसाद भारिया, कु. तरन्नमु सरवत श्री अनुसुईया रजक, श्री धमेन्द्र सेन, कु.संगीता राठौर एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें।

प्राचार्य
शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर
जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)